भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1855

दिनांक 30 जुलाई, 2026 को उत्तरार्थ

.....

अटल भूजल योजना का कार्यान्वयन और प्रभाव

1855. श्री मनोज तिवारी:
श्री भोजराज नाग:
श्री लुम्बाराम चौधरी:
श्रीमती हिमाद्री सिंह:
श्री विजय बघेल:
श्री दामोदर अग्रवाल:
श्रीमती स्मिता उदय वाघ:
श्री जनार्दन मिश्रा:
श्री अनूप संजय धोत्रे:
श्री राहुल सिंह लोधी:
श्री नव चरण माझी:
श्री भर्तृहरि महताब:
श्री योगेन्द्र चांदोलिया:
श्री शंकर लालवानी:
श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़:
श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया:
श्री दिनेशभाई मकवाणा:
श्री हरिभाई पटेल:
श्री विनोद लखमशी चावड़ा:
श्री सतीश कुमार गौतम:
श्री भरतसिहंजी शंकरजी डाभी:
श्री आलोक शर्मा:
डॉ. निशिकान्त दुबे:
श्री रोडमल नागर:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा राजस्थान और छत्तीसगढ़ के दुर्ग लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देश में भूजल संरक्षण और संधारणीय जल प्रबंधन पर अटल भूजल योजना (एबीवाई) के कार्यान्वयन और प्रभाव संबंधी कोई आकलन किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण के लिए सृजित या नवीनीकृत आपूर्ति-संबंधी संरचनाओं का राज्यवार और विशेषकर जलगाँव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित महाराष्ट्र का जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में और विशेषकर जलगाँव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित महाराष्ट्र में चिह्नित किए गए ब्लॉकों में भूजल स्तर में पाए गए सुधारों का ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार द्वारा महाराष्ट्र सहित देश में एबीवाई के अंतर्गत सामुदायिक भागीदारी, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता, जल बजटिंग और एक्विफर प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या अकोला जिले को एबीवाई या किसी अन्य केंद्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत भूजल पुनर्भरण और जल संरक्षण पहलों से लाभ हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार का जलगाँव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र और अकोला सहित जल की कमी वाले/सूखा-प्रवण अतिरिक्त क्षेत्रों में एबीवाई का विस्तार करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) मध्य प्रदेश में पिछले दो वर्षों के दौरान एबीवाई के अंतर्गत हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री
(श्री राज भूषण चौधरी)

(क): अटल भूजल योजना समुदाय-आधारित एक सहभागी भूजल प्रबंधन योजना है। इसका कार्यान्वयन दिनांक 01.04.2020 से 15.10.2025 की अवधि के दौरान, पायलट आधार पर सात राज्यों अर्थात् गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 80 जिलों के 229 ब्लॉकों की जल की कमी वाले 8,203 ग्राम पंचायतों में किया गया था। इस योजना का कार्यान्वयन छत्तीसगढ़ राज्य में नहीं किया गया था।

भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) द्वारा अटल भूजल योजना का समग्र प्रभाव आकलन अध्ययन किया गया है। इस योजना के कार्यान्वयन क्षेत्रों में विस्तृत क्षेत्रीय सर्वेक्षणों और स्थानीय समुदायों के साथ हुए संवाद के आधार पर, इस अध्ययन में योजना द्वारा लाए गए महत्वपूर्ण बदलावों की सार्थकता को स्वीकारा गया है; जैसे क्षमता निर्माण और आईईसी गतिविधियों के माध्यम से भूजल के मुद्दों पर सामुदायिक जागरूकता में वृद्धि, भूजल प्रबंधन में नेतृत्व और निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी, सामाजिक समावेशिता, समग्र ज्ञान में वृद्धि और भूजल संरक्षण तथा जल प्रबंधन में भागीदारी हेतु समुदाय की तत्परता। इस रिपोर्ट की एक प्रति जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की वेबसाइट पर निम्नलिखित वेब-लिंक पर उपलब्ध है:

https://www.jalshakti-dowr.gov.in/static/uploads/2026/07/597fd8727a8d10641bd33d7d22ce0459.pdf

(ख): अटल भूजल योजना के तहत जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण के लिए निर्मित या नवीनीकृत आपूर्ति-पक्ष संरचनाओं का राज्य-वार और जिला-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है। महाराष्ट्र में, अटल भूजल योजना के तहत आपूर्ति पक्ष की कुल 11,622 संरचनाओं का निर्माण या नवीनीकरण किया गया है, जिनमें से 589 संरचनाएं जलगांव जिले में हैं।

(ग): वर्ष 2023 से वर्ष 2025 के दौरान किए गए आकलन के अनुसार, अटल भूजल योजना के तहत शामिल 229 ब्लॉकों में से 180 ब्लॉकों में भूजल स्तर में सुधार देखा गया है, जिनकी सूची **अनुलग्नक-II** में दी गई है। महाराष्ट्र में, इस योजना के तहत शामिल 43 ब्लॉकों में से 39 ब्लॉकों में आकलन के दौरान भूजल स्तर में सुधार दिखा है। इसके अलावा, महाराष्ट्र के जलगांव जिले के योजना के तहत शामिल सभी चार ब्लॉकों, अर्थात् अमलनेर, पारोला, रावेर और यावल में इस आकलन के दौरान भूजल स्तर में सुधार दर्ज किया गया है।

(घ): सामुदायिक भागीदारी सरकार की जल संरक्षण पहलों की आधारशिला है। अटल भूजल योजना के तहत, 1.28 लाख से अधिक ग्राम पंचायत-स्तरीय प्रशिक्षणों की सहायता से सभी

ग्राम पंचायतों द्वारा सहभागी जल बजट और जल सुरक्षा योजनाएं तैयार की गई हैं और इन्हें प्रतिवर्ष अद्यतन किया जाता है। गैर सरकारी संगठनों को जिला कार्यान्वयन भागीदार के रूप में शामिल किया गया था और सक्रिय निर्णय लेने में महिलाओं की कम से कम 33% भागीदारी अनिवार्य की गई थी। जल संचय जन भागीदारी, वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण के लिए समुदायों, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समर्थन, शैक्षणिक संस्थानों, नागरिक समाज संगठनों और स्थानीय निकायों को एकजुट करके संपूर्ण समाज के दृष्टिकोण को बढ़ावा देती है। इस योजना के तहत की गई प्रमुख गतिविधियां/कार्य निम्नलिखित हैं:

- 7 राज्यों की सभी 8,203 अटल जल ग्राम पंचायतों (जीपी) में भौतिक के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से भूजल डेटा का मापन और सार्वजनिक प्रकटीकरण किया गया है।
- 7 राज्यों की सभी ग्राम पंचायतों द्वारा समुदाय-आधारित जल बजट और जल सुरक्षा योजनाएं तैयार की गई हैं और इन्हें प्रतिवर्ष अद्यतन किया जाता है।
- ब्लॉक, जिला और राज्य-स्तरीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षणों के साथ-साथ 1.28 लाख से अधिक ग्राम पंचायत-स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किए गए हैं।
- इस योजना के तहत लगभग सभी ग्राम पंचायतों में डिजिटल जल स्तर रिकॉर्डर और वर्षा मापी के साथ-साथ पीजोमीटर स्थापित किए गए हैं।
- ग्राम पंचायत स्तर पर लगभग 70,000 कुओं की मॉनिटरिंग की गई है, जिनके आँकड़े सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराए गए है।
- 99,000 से अधिक मौजूदा जल संरक्षण और कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं का मानचित्रण किया गया है ।
- सभी 7 राज्यों में लगभग 9.7 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कुशल जल-उपयोग प्रथाओं (ड्रिप/स्प्रिंकलर सिंचाई, मल्चिंग, फसल विविधीकरण आदि) के अंतर्गत लाया गया है।

(ङ): महाराष्ट्र का अकोला जिला अटल भूजल योजना के अंतर्गत शामिल नहीं था।

(च): अटल भूजल योजना एक निश्चित अवधि और परिव्यय के साथ तैयार किया गया एक पायलट कार्यक्रम था, जिसके द्वारा समुदाय-केंद्रित भूजल प्रबंधन का प्रभावी रूप से सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया गया है और यह एक अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत करता है जिसे अन्य राज्यों द्वारा कार्यान्वयन के लिए अपनाया जा सकता है।

(छ): मध्य प्रदेश राज्य में अटल भूजल योजना के तहत की गई गतिविधियों/कार्यों का विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

***

अनुलग्नक-I

"अटल भूजल योजना का कार्यान्वयन और प्रभाव" के संबंध में दिनांक 30.07.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न सं. 1855 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

राज्य	जिला	निर्मित/नवीकृत की गई आपूर्ति-पक्ष संरचनाओं (जैसे चेक डैम, तालाब, पुनर्भरण शाफ्ट आदि) की संख्या
गुजरात	बनासकांठा	1803
	गांधीनगर	392
	कच्छ	1667
	महेसाणा	959
	पाटन	380
	साबरकांठा	581
हरियाणा	भिवानी	1112
	चरखी दादरी	328
	फरीदाबाद	596
	फतेहाबाद	369
	गुरूग्राम	600
	कैथल	362
	करनाल	852
	कुरूक्षेत्र	1049
	महेंद्रगढ़	975
	पलवल	2597
	पानीपत	845
	रेवाड़ी	92
	सिरसा	1084
	यमुनानगर	803
कर्नाटक	बागलकोट	834
	बेलगावी	1553
	बेंगलुरु ग्रामीण	307
	चामराजनगर	1594
	चिक्काबल्लापुर	3961
	चिक्कमंगलुरू	446
	चित्रदुर्ग	2923
	दावनगेरे	317
	गदग	2858

	हसन	757
	कोलार	2644
	रामनगर	3360
	तुमकुरु	3695
	विजयनगर	951
मध्य प्रदेश	छतरपुर	4153
	दमोह	644
	निवाड़ी	558
	पन्ना	1276
	सागर	1213
	टीकमगढ़	2032
महाराष्ट्र	अहमदनगर	318
	अमरावती	754
	बुलढाना	963
	जलगांव	589
	जलना	437
	लातूर	666
	नागपुर	1359
	नासिक	2266
	उस्मानाबाद	570
	पुणे	1162
	सांगली	1199
	सतारा	557
	सोलापुर	822
राजस्थान	अजमेर	990
	अलवर	254
	बारां	483
	भीलवाड़ा	1300
	चितौड़गढ़	354
	दौसा	803
	धौलपुर	339
	हनुमानगढ़	848
	जयपुर	6179
	जैसलमेर	2806
	झालावाड़	601
	झुंझुनूं	28
	करौली	567

	कोटा	401
	नीम का थाना	1001
	राजसमंद	498
	सवाई माधोपुर	1674
उत्तर प्रदेश	बागपत	465
	बाँदा	868
	चित्रकूट	648
	हमीरपुर	1039
	झांसी	405
	ललितपुर	815
	महोबा	648
	मेरठ	376
	मुजफ्फरनगर	686
	शामली	234
कुल योग		**90494**

अनुलग्नक -II

"अटल भूजल योजना का कार्यान्वयन और प्रभाव" के संबंध में दिनांक 30.07.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न सं. 1855 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

राज्य	ब्लॉकों की संख्या	योजना के तहत कवर किए गए ब्लॉक/तालुक का नाम	वर्ष 2023 से 2025 के दौरान किए गए आकलन के अनुसार भूजल स्तर में सुधार दर्शाने वाले ब्लॉक/तालुक	
			संख्या	ब्लॉक/तालुक का नाम
गुजरात	36	दंतीवाड़ा, दीसा, देवदार, धनेरा, कांकरेज, लखानी, पालनपुर, थराड़, वडगाम, देहगाम, गांधीनगर, कलोल, मनसा, अंजार, भचाऊ, भुज, मांडवी, नखतराणा, बेचाराजी, जोताना, काड़ी, खेरालु, महेसाना, सतलासना, ऊंझा, वडनगर, विजापुर, विसनगर, चानस्मा, पाटण, सरस्वती, सिधपुर, इदार, प्रंतिज, तलोद, वडाली	31	दांतीवाड़ा, दीसा, देवदार, कांकरेज, वडगाम, देहगाम, गांधीनगर, कलोल, मानसा, अंजार, भुज, मांडवी, नखत्राना, बेचराजी, जोताना, काडी, खेरालू, महेसाणा, सतलासाना, उंघा, वडनगर, विजापुर, विसनगर, चनास्मा, पाटन, सरस्वती, सिद्धपुर, इदार, परहीज, तलोड, वडाली
हरियाणा	36	बेहाल, कैरु, लोहारू, तोषम, बाधरा, बल्लबगढ़, फरीदाबाद, टोहाना, फर्रुख नगर, गुड़गांव, पटौदी, सोहना, गुहला, राजौंड, करनाल, लाडवा, पहौवा, शाहबाद, अटेली नांगल, कनीना, महेन्द्रगढ़, नांगल चौधरी, नारनौल, हसनपुर, हथिन, होडल, पलवल, बापोली, समलखा, खोल अत रेवाड़ी, एल्लेनाबाद, रानिया, जगधरी, रादौर, सदौरा (पार्ट), सरस्वती नगर	19	तोषम, बल्लबगढ़, फर्रुख नगर, करनाल, लाडवा, शाहबाद, महेंद्रगढ़, नांगल चौधरी, नारनौल, हसनपुर, हाथिन, होडल, पलवल, बापोली, एल्लेनाबाद, जगधरी, रादौर, सदौरा (पार्ट), सरस्वती नगर
कर्नाटक	41	बादामी, बागलकोट, अथानी, रामदुर्गा, देवनहल्ली, डोड्डाबल्लापुर, होसकोटे, नेलमंगला, गुंडलुपेट, बागेपल्ली, चिक्काबल्लापुर, चिंतामणि, गौरीबिदनुर, गुडीबांडे, सिदलाघट्टा, कडूर, चल्लाकेरे, चित्रदुर्ग, हिरियुर, होलालकेरे, होसदुर्गा, चन्नागिरी, जगलूर, गडग, रोन, अर्सिकेरे, बांगरपेट, कोलार, मलुर, मुलबागल, श्रीनिवासपुर, कनकपुरा, रामनगर, चिक्कनायकनहल्ली, कोराटागेरे, मधुगिरी, सिरा, तिप्तूर, तुमकुरु, हगरीबोम्मनहल्ली, हरपनहल्ली	37	बादामी, बागलकोट, अथानी, रामदुर्ग, देवनहल्ली, डोड्डाबल्लापुर, नेलमंगला, गुंडलुपेट, बागेपल्ली, चिक्काबल्लापुर, चिंतामणि, गौरीबिदनूर, शिड्लघट्टा, कडूर, चल्लाकेरे, चित्रदुर्ग, हिरियूर, होलालकेरे, होसदुर्ग, जगलूर, गदग, रोन, अर्सिकेरे, बंगारपेट, कोलार, मालूर, मुल्बागल, श्रीनिवासपुर, रामनगर, चिक्कनायकनहल्ली, कोरटागेरे, मधुगिरी, सिरा, टिप्टूर, तुमकुरु, हगरीबोम्मनहल्ली, हरपनहल्ली

मध्य प्रदेश	**9**	छतरपुर, नौगोंग, राजनगर, पथेरिया, निवारी, अजेयगढ़, सागर, बालदेवगढ़, पालेरा	**9**	छतरपुर, नौगोंग, राजनगर, पथेरिया, निवारी, अजेयगढ़, सागर, बालदेवगढ़, पालेरा
महाराष्ट्र	**43**	कर्जत, राहता, संगमनेर, चांदूरबाजार, मोर्शी, वरुड, मलकापुर, मोताला, अमलनेर, पारोला, रावेर, यावल, घनसावंगी, जालना, परतूर, चाकूर, लातूर, निलंगा, रेनापुर, शिरूर अनंतपाल, काटोल, नरखेड़, देवला, नासिक, सिन्नर, उमरगा, उस्मानाबाद, बारामती, इंदापुर, पुरंदर, जत, कवठेमहांकाल, खानापुर-विटा, मिरज, तासगांव, खटाव, महाबलेश्वर, मान, वाई, माढा, मालशिरस, मोहोल, पंढरपुर	**39**	कर्जत, राहता, संगमनेर, चांदूरबाजार, मोर्शी, वरुड, मलकापुर, मोताला, अमलनेर, पारोला, रावेर, यावल, घनसावंगी, जालना, परतूर, रेनापुर, शिरूर अनंतपाल, काटोल, नरखेड़, देवला, नासिक, सिन्नर, उमरगा, उस्मानाबाद, बारामती, इंदापुर, पुरंदर, जत, कवठेमहांकाल, खानापुर-विटा, मिरज, तासगांव, खटाव, मान, वाई, माढा, मालशिरस, मोहोल, पंढरपुर
राजस्थान	**38**	अजमेर ग्रामीण, पीसांगन, श्रीनगर, राजगढ़, अटरू, बारां, शाहपुरा, चित्तौड़गढ़, बैजूपाड़ा, बांदीकुई, बसवा, दौसा, लवाण, नांगल राजावतान, सिकंदरा, धौलपुर, सैपऊ, हनुमानगढ़, संगरिया, टिब्बी, आमेर, गोविंदगढ़, जालसू, जैसलमेर, मोहनगढ़, नाचना, खानपुर, खेतड़ी, हिंडौन, श्री महावीर जी, सांगोद, अजीतगढ़, नीम का थाना, पाटन, राजसमंद, चौथ का बरवाड़ा, खंडार, सवाई माधोपुर	**29**	अजमेर ग्रामीण, पीसांगन, श्रीनगर, राजगढ़, अटरू, बारां, शाहपुरा, चित्तौड़गढ़, बैजूपाड़ा, बसवा, दौसा, लवाण, सिकंदरा, धौलपुर, सैपऊ, संगरिया, आमेर, मोहनगढ़, खेतड़ी, हिंडौन, श्री महावीर जी, सांगोद, अजीतगढ़, नीम का थाना, पाटन, राजसमंद, चौथ का बरवाड़ा, खंडार, सवाई माधोपुर
उत्तर प्रदेश	**26**	बागपत, पिलाना, बड़ोखर खुर्द, जसपुरा, महुवा, नरैनी, तिंदवारी, कर्वी, मानिकपुर, मऊ, रामनगर, मौदहा, मुस्करा, सरीला, सुमेरपुर, बबीना, मऊरानीपुर, तालबेहट, चरखारी, जैतपुर, कबरई, पनवाड़ी, खरखौदा, राजपुरा, बुढ़ाना, कांधला	**16**	बागपत, पिलाना, महुवा, नरैनी, तिंदवारी, मानिकपुर, मौदहा, मुस्करा, सरीला, सुमेरपुर, बबीना, चरखारी, जैतपुर, खरखौदा, राजपुरा, बुढ़ाना
कुल	**229**		**180**	

अनुलग्नक-III

"अटल भूजल योजना का कार्यान्वयन और प्रभाव" के संबंध में दिनांक 30.07.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न सं. 1855 के भाग (छ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

मध्य प्रदेश राज्य में अटल भूजल योजना के अंतर्गत की गई गतिविधियों/कार्यों का विवरण

राज्य/जिला/ब्लॉक/ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित प्रशिक्षणों की संख्या	कुओं की मॉनिटरिंग	मौजूदा जल संरक्षण और कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं का मानचित्रण	ड्रिप, स्प्रिंकलर, फसल विविधीकरण आदि जैसी कुशल जल-उपयोग प्रथाओं के अंतर्गत शामिल किए गए क्षेत्र (हेक्टेयर में)	निर्माण/नवीकरण किए गए चेक डैम, तालाब, रिचार्ज शाफ्ट आदि जैसे आपूर्ति-पक्ष संरचनाओं की संख्या
12369	6799	6986	21204.49	9876

*****